Title: Need to look into the problems being faced by people displaced due to Subarnarekha Multi-purpose Irrigation Project in Bihar - Laid.

श्री राम टहल चौधरी(रांची): मैं सदन का ध्यान स्वर्ण रेखा बहुदेशीय सिंचाई परियोजना की तरफ दिलाना चाहता हूं कि इस योजना से आदिवासी क्षेत्रों में अविकसित क्षेत्रों में बिजली पैदा करना एवं सिंचाई उपलब्ध करवाना था तथा इस परियोजना में करोड़ों रूपये खर्च हो चुका है परंतु कार्य को धन के अभाव में बीच में छोड़ दिया है, जिसके कारण कई गांव पानी में डूब जाते हैं। अभी तक विस्थापित परिवार को पुनर्वास की सुविधा भी नहीं मिल पाई है। जबकि उनकी जमीन अधिग्रहित हो गयी है जो उनकी जीविका का साधन थी एवं जो गांव डूबते हैं उनको अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। लोगों को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि विस्थापित परिवार के लोगों को मुआवजा दिया जाये जिनको अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। अविलम्ब विस्थापित परिवार के लोगों को नौकरी दी जाये एवं अनियमितताओं की जांच सांसदों की कमेटी बनाकर करायी जाये।